# कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा डूंगरपुर

क्रमांकः मुजिशिअ/ डूंगरपुर/संस्था/2026/ 894 दिनांक. 25.08.2026

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा जिला डूंगरपुर।

विषयः. शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गैस्ट फेकल्टी के रूप में लेने के लिये **विद्या संबल योजना** के संबंध में दिशा.निर्देश एवं प्रक्रिया।

प्रसंगः. वित विभाग के पत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक 30.03.2021, श्रीमान् मुख्य सचिव राज.सरकार जयपुर के पत्रांक F-17/(10)Edu.-1Q.Edu./2022-00494 -2429645 दिनांक 18.08.2026 एवं श्रीमान् निदेशक मा.शि.राज. बीकानेर के पत्र दिनांक 11.06.2022, 17.02.2022 के सन्दर्भ में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शिक्षा विभाग में विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त होने के कारण नियमित अध्यापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर वितरीत प्रभाव पड़ता है। शिक्षण संस्थानों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विद्या सम्बल योजना लागु की गई है। इसी क्रम में पात्र अभ्यर्थियों/सेवानिवृत्त शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित करने एवं चयन प्रक्रिया के संबन्ध में निम्न लिखित समय सीमा तय की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पीईईओ विद्यालय स्तरीय चयन समिति का गठन | 25.08.2026 से 26.08.2026 | - |
| 2 | पीईईओ विद्यालय एवं अधीनस्थ विद्यालयों के शाला दर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित (व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, अध्यापक लेवल-1 , लेवल-2 ) रिक्त पदों की सूची प्रकाशित करना एवं पात्र अभ्यार्थियों के भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 27.08.2026 से 29.08.2026 | अपरान्ह 1 बजे तक |
| 3 | विद्यालय स्तरीय कमेटी द्वारा आवेदनों की जांच एवं निर्धारित मेरिट के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के विरुद्ध 3-3 अभ्यार्थियों का नियमानुसार चयन कर चयन सूची तैयार करना। | 30.08.2026 | - |
| 4 | विद्यालयों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची सीबीईओ कार्यालय में पहुँचाने हेतु अन्तिम तिथि | 31.08.2026 | प्रातः 11 बजे तक |
| 5. | सीबीईओ द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा डूंगरपुर के कार्यालय में पहुंचाने हेतु अन्तिम तिथि | 31.08.2026 | सायं 4 बजे तक |
| 6 | जिला स्तरीय कमेटी द्वारा चयन सूची अनुमोदन तिथि | 31.08.2026 | सायं 6 बजे) |

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा डूंगरपुर
दिनांक. 25.08.2026

क्रमांक. मुजिशिअ/ डूंगरपुर/संस्था/2026/ 894
प्रतिलिपिः

1. श्रीमान निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थानए बीकानेर।
2. श्रीमान संयुक्त निदेशक उदयपुर संभाग उदयपुर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रारम्भिक डूंगरपुर।
4. समस्त पीईईओ जिला डूंगरपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा डूंगरपुर